राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 09

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 13 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 126 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### निजी दौरे पर सीएम हेमंत हैदराबाद गए

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निजी दौरे पर रविवार को हैदराबाद के लिए रवाना हुए. वे 14 अगस्त की सुबह वापस रांची लौट आएंगे. 15 अगस्त को मुख्यमंत्री को रांची के मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन करना है, जहां वे कई नई योजनाओं की घोषणा भी करेंगे.

### विस चुनाव तैयारी पर आज खड़गे करेंगे बैठक

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में महासचिव, प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष की बैठक मंगलवार को होगी. दिल्ली स्थित एआईसीसी कार्यालय में सुबह 10.30 से बैठक शुरू होगी. इसमें झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी शामिल होंगे. इसके बाद झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गिरीश चोड़नकार, सदस्य पूनम पासवान और प्रकाश जोशी के साथ मीर एवं ठाकुर हर विधानसभा पर विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे. प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने जानकारी दी.

### वज्रपात से दो महिलाओं की मौत, एक गंभीर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लेसलीगंज थाना क्षेत्र के पहाड़ी कला में वज्रपात से एक महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकी दूसरी महिला की हालत गंभीर है. परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेसलीगंज लेकर गये, जहां से चिकित्सकों ने एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है. वहीं, लेसलीगंज थाना क्षेत्र के कमलपुर में भी वज्रपाज की घटना हुई. यहां महिलाएं खेत में धनरोपनी कर रहीं थीं. इसी क्रम में वज्रपात हो गया, जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी. दोनों घटना सोमवार की शाम करीब पांच बजे की बतायी जा रही है.

### माइनिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर शो 20 सितंबर से रांची में



**रांची।** आगामी 20, 21 और 22 सितंबर 2024 को धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन लघु उद्योग भारती और ओलंपिया के संयुक्त तत्वावधान में होगा. शो के उद्घाटन के लिए सोमवार को लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा राज्य मंत्री सह सह रांची सांसद संजय सेठ को आमंत्रित किया. प्रतिनिधिमंडल में लघु उद्योग भारती झारखंड प्रांत के अध्यक्ष विजय छापरिया, सचिव प्रकाश हेतमसरिया, सचिव सत्य प्रकाश पांडेय, अजय दाधीच, महिला विंग की सचिव नीतू सिंह आदि मौजूद थे.

---

**नगर विकास मंत्री हफीजुल से मिले चैंबर के पदाधिकारी**

# भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी की जाए

संवाददाता। रांची

वर्षों पूर्व निर्मित भवनों को रेगुलराइज करने की मांग चैंबर ने की है. अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में चैंबर की टीम ने नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर विभाग द्वारा अनाधिकृत निर्माण को नियमिती योजना को जल्द लागू करने की माग रखी. कहा गया कि विभाग द्वारा प्रस्तावित इस योजना के जल्द प्रभावी होने से राज्य में 8.50 लाख भवन टूटने से बचेंगे और इससे 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे. यह भी सुझाया कि बाहर जो वेयरहाउस और छोटे-छोटे व्यवसायिक प्रतिष्ठान बना लिये गये हैं, उन्हें भी इसके दायरे में लाया जाए, ताकि ये व्यवसाई भी राज्य के विकास में अपना योगदान दे सकें. मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सुझाव पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया. कहा- सभी मामलों में 20 तक अधिकारियों से



नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन से मिलने पहुंची चैंबर की टीम.

वार्ता कर स्थिति की समीक्षा की जाएगी. टीम में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, आदित्य मल्होत्रा, रमेश साहू, अमित अग्रवाल और नगर निगम किरायेदार संघ के सचिव शंकर झा शामिल थे.

**मास्टर प्लान- 2037 में संशोधन के सुझाव पर अमल हो :** चैंबर ने रांची मास्टर प्लान- 2037 में संशोधन हेतु दिए गए सुझावों पर कार्रवाई करने की जरूरत बतायी. कहा कि शहरवासियों ने भूमि उपयोग में सुधार के लिए अपनी आपत्तियां दी हैं, जिनमें यह कहा गया है कि इन संशोधनों के बिना वे अपनी भूमि का प्रभावी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं. नगर निगम ने भूमि उपयोग में सुझाये गये सभी बदलावों को नगर विकास विभाग को भेज दिया है और वर्तमान में यह संचिका विभाग में लंबित है.

**क्या होगा लाभ**

- 8 .50 लाख भवन, मकान व दुकान टूटने से बचेंगे
- 50 लाख लोग प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे

**दुकानों के किराए से जुड़े विवाद का स्थायी समाधान हो**

किशोर ने दुकानों के किराया से जुड़े विवाद के स्थायी समाधान हेतु कर समाधान योजना लाने का भी आग्रह किया. यह कहा कि निगम द्वारा बाजारटांड़ में आवंटित दुकानों में अतिरिक्त संरचना निर्माण के कारण किराया, ब्याज और उसपर फाइन की दर जुड़ते- जुड़ते काफी ज्यादा हो गई है, जिस कारण यह मामला जटिल हो चुका है.

---

**फिर बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव भेजा, गुस्से में उद्यमी-व्यवसायी**

## जेबीवीएनएल अब सरकार विरोधी हरकतों पर उतरा

**रांची।** चैंबर ऑफ कामर्स ने जेबीवीएनएल को जनविरोधी होने के साथ ही सरकार विरोधी बताया है. चैंबर ने कहा, नई बिजली दरें मार्च से लागू की गईं, फिर चार महीने बाद दरों में वृद्धि का दोबारा प्रयास शुरू कर दिया गया. ऐसा कभी नहीं हुआ. सरकार की मंशा गरीब जनता को राहत देने की है, जिसके तहत ग्राहकों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही. फिर जेबीवीएनएल ऐसा क्यों कर रहा है ? चैंबर ने बिजली दर में वृद्धि प्रस्ताव का जोरदार विरोध किया है. अध्यक्ष किशोर मंत्री, आदित्य मल्होत्रा, शैलेश अग्रवाल, बिनोद तुलस्यान, अजय भंडारी, बिनोद अग्रवाल, रोहित पोद्दार, सदस्य अरुण जोशी, अमित अग्रवाल मीडिया से बात कर रहे थे.

**उपभोक्ताओं पर बोझ डालने की तैयारी :** चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमने प्रस्तावित बढ़ोत्तरी का विश्लेषण किया. प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि कुछ बड़े उपभोक्ताओं के लिए मामूली वृद्धि है और छोटे उद्योगों और डोमेस्टिक ग्राहकों पर 50 से 300% टैरिफ में वृद्धि की जा रही है. इससे उद्योग प्रभावित होंगे. इस प्रस्ताव से प्रयास किया जा रहा है कि 5% बडे लोगों का बोझ 95% छोटे ग्राहकों पर डाल दिया जाए. जेबीवीएनएल की प्रस्तावित वृद्धि का हम विरोध करते हैं. हम ये बात नियामक आयोग की जनसुनवाई में भी रखेंगे. बात न बनी, तो हम कोर्ट की शरण में जाएंगे.

**1000 से 1500 का अतिरिक्त भार पड़ेगा :** उद्यमी अजय भंडारी ने कहा कि जेबीवीएनएल का टीएंडडी लॉस 35% से अधिक, बिलिंग 85-90% है, जबकि कलेक्शन इफिसिएंशी 85-90 % है. ऐसी स्थिति में तो बिजली का खरीद मूल्य दोगुना हो जाएगा. यदि जेबीवीएनएल अपनी टीएंडडी लॉस कम कर ले, तो दर बढ़ाना ही न पड़े. जमशेदपुर में जुस्को और जेबीवीएनएल दो लाइसेंसी हैं. जुस्को का टीएंडडी लॉस 2 % है जबकि जेबीवीएनएल का 35 %. फिक्स चार्ज में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बढ़ोतरी के आधार पर उपभोक्ताओं पर 1000 से 1500 रुपये तक बिजली बिल का अतिरिक्त भार पड़ेगा.

---

**खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग ने तेज की प्रकिया**

# अब ग्रीन कार्ड से 25 लाख लोगों को मिलेगा अनाज

- झारखंड में एनएफएसए से 2.64 करोड़ और ग्रीन कार्ड से 16.39 करोड़ लाभुकों को मिल रहा अनाज

प्रवीण कुमार। रांची

झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राज्य के 20 लाख लोगों की जगह अब 25 लाख लोगों को ग्रीन कार्ड के माध्यम से अनाज देने का निर्णय राज्य सरकार ने किया है. इसको लेकर खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रस्ताव तैयार किया है. इसको मूर्त रूप देने के लिए विभागीय प्रकिया तेज कर दी गयी है. इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली राज्य की जनता की मदद करना है.

वर्तमान में ग्रीन कार्ड के माध्यम से राज्य के पांच लाख 28 हजार 126 परिवारों को योजना का लाभ दिया जा रहा है. इससे 16 लाख 39 हजार 997 लोग लाभान्वित हो रहे हैं. लाभुकों की संख्या बढ़ाने के निर्णय से राज्य के वैसे परिवारों को फायदा होगा, जो ग्रीन कार्ड बनवाने के पात्र होंगे. वैसे परिवार जिनका प्राथमिकता वाले घरेलू (पीएचएच) और गरीब परिवारों के लिए अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) का राशन कार्ड नहीं बना है, उन्हें अब इसका लाभ मिलेगा. इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार गरीब परिवारों तक मदद पहुंचाने का प्रयास कर रही है, ताकि अनाज के बिना कोई भी भूखा न रहे.



**झारखंड के 2.64 करोड़ लोगों को मिल रहा रहा अनाज**

देश में पात्रता के आधार पर विभिन्न प्रकार के राशन कार्ड जारी किए जाते हैं. एनएफएसए के तहत पीएचएच और एएवाई राशन कार्ड के माध्यम से झारखंड के दो करोड़ 64 लाख 25 हजार 385 लोगों को अनाज मिल रहा है. केंद्र सरकार ने 2013 में खाद्य सुरक्षा अधिनियम बनाया था. इस योजना से देश की 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी को अच्छादित करने का प्रावधान किया था. झारखंड में इस अधिनियम के तहत 86 .48 प्रतिशत ग्रामीण और 60 .20 शहरी आबादी को पीएचएच और एएवाई राशन कार्ड के माध्याम से अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है.

**राज्य में 15 सितंबर 2020 को शुरू की गयी थी योजना**

झारखंड सरकार द्वारा 15 सितंबर 2020 को राज्य खाद्य सुरक्षा योजना शुरू की गई थी. इस योजना का मकसद है कि वैसे गरीब परिवार जो अनाज खरीदने में अक्षम हैं, उन्हें कम दाम पर राशन उपलब्ध कराना है. योजना के तहत लाभार्थियों को एक रुपए की दर से ग्रीन कार्ड लाभुक के परिवार के प्रति सदस्य के हिसाब से पांच किलो चावल या गेंहू दिया जाता है.

**गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हुई खाद्य सुरक्षा योजना**

झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान है. इस योजना के जरिये राज्य सरकार गरीबों को अत्यधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास करती है. इसमें राशन कार्डधारी गरीब परिवारों को एक रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्रति यूनिट पांच किलो राशन दिया जाता है. एक बार राशन कार्ड के लिए आवेदन करने के बाद संबंधित लाभुक अपना नाम ग्रीन कार्ड सूची में देख सकते हैं.

---

# बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दो लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया



सावन की चौथी सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु.

**देवघर।** सावन महीने की चौथी सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही. शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु रविवार देर रात से ही लाइन में खड़े थे. बाबा के दर्शन के लिए आठ किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई थी. विशेष पूजा-अर्चना के बाद सुबह चार बजे से अरधा सिस्टम के माध्यम से जलार्पण शुरू हो गया था. श्रद्धालुओं की लंबी कतार को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे. सावन की चौथी सोमवारी के अवसर पर दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा मंदिर में जलाभिषेक किया.

---



सरकुलर रोड पर नाली निर्माण के दौरान पेड़ की मिट्टी हटाई गई. नाली तो बनी, पर पेड़ की जड़ कमजोर हो यी. नतीजन पेड़ हल्के हवा के झोंके से टेंपो पर जा गिरा. सवार यात्री बाल-बाल बचे, पर पूरे शहर में सड़क जाम हो गयी.

## जुमार नदी में डूबे छात्र का शव बरामद

संवाददाता। रांची

हॉस्टल से भागकर दोस्तों के साथ घूमने गये छात्र के जुमार नदी में डूबने के बाद दूसरे दिन सोमवार को एनडीआरएफ की टीम ने शव बरामद कर लिया है. छात्र पीयूष कुमार सिंह बूटी मोड़ स्थित मनन विद्या स्कूल में पढ़ता था. शनिवार की देर रात वह जुमार नदी डूब गया था. रविवार की सुबह से शाम तक एनडीआरएफ की टीम ने नदी में तालाशी अभियान चलाया था, पर उसका शव बरामद नहीं हो सका था. इसके बाद सोमवार को फिर से तलाशी अभियान चलाया गया और एनडीआरएफ ने छात्र का शव बरामद कर लिया. पीयूष कुमार सिंह मनन विद्या स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था. वह मूल रूप से गया जिले का रहने वाला था. पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया.



पीयूष कुमार (फाइल फोटो).

**बाउंड्री वाल फांद कर दोस्तों के साथ निकला था पीयूष**

स्कूल के हॉस्टल से चार-पांच छात्र बाउंड्री वाल फांद कर शनिवार की देर रात घूमने जाने के लिए निकले थे. लेकिन स्कूल के पीछे वाले रास्ते से सड़क तक पहुंचने के लिए नदी को पार करना था. नदी पार करने के क्रम में ही एक छात्र पीयूष कुमार सिंह डूब गया था.

## मछली पकड़ने के जाल में फंसा डिवाइस लगा गिद्ध

- गिद्ध के पैर में मौजूद स्टील रिंग पर ढाका लिखा हुआ है



**रांची।** हजारीबाग के कोनार डैम में मछुआरे के जाल में सोमवार को एक गिद्ध फंस गया. गिद्ध की पीठ पर एक डिवाइस लगा हुआ है और उसके पैर में एक स्टील का रिंग है. रिंग में ढाका लिखा हुआ है. गिद्ध के जाल में फंसने के बाद मछुआरों ने डीवीसी के कर्मी गोपाल प्रसाद को इसकी सूचना दी. वन विभाग गिद्ध को हजारीबाग ले गयाए. गिद्ध थका था. जाल से निकालने के बाद गिद्ध ने उड़ने का प्रयास किया, मगर कुछ ही दूर जाने के बाद डैम में गिर गया. फिर नाव से जाकर उसे पानी से बाहर निकाला गया. फिलहाल गिद्ध वन विभाग के संरक्षण में है. वहां उसकी चिकित्सीय जांच की जाएगी. साथ ही उसपर लगे डिवाइस की भी जांच होगी. रिंग में ढाका लिखा देख मामले को बांग्लादेश से जोड़कर देखा जा रहा है.

---

**दुस्साहस** | **हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रॉड से हमला कर हत्या, पुलिस-प्रशासनिक महकमे में हड़कंप**

# अस्पताल में हवलदार की हत्या कर सजायाफ्ता कैदी फरार

संवाददाता। रांची

शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में सोमवार की सुबह कैदी ने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की हत्या कर दी. जानकारी के मुताबिक, रेप व हत्या के दोष में उम्रकैद के सजायाफ्ता कैदी मो शाहिद अंसारी का अस्पताल में इलाज चल रहा था. उसने सुरक्षा में तैनात हवलदार चौहान हेंब्रम के ऊपर लोहे के रॉड से हमला कर उनकी जान ले ली. वारदात को अंजाम देने के बाद शाहिद अस्पताल से फरार हो गया.

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे पुलिस-प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया. डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष समेत कई पुलिस अधिकारी एसबीएमसीएच पहुंचे. पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है. लगभग दो घंटे तक एसपी मेडिकल कॉलेज परिसर में उपस्थित रहे. हालांकि, घटना को लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी किसी तरह का बयान देने से बचते रहे. बता दें कि उम्र कैद की सजा काट रहे शाहिद अंसारी को धनबाद सेंट्रल जेल से हजारीबाग सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था.



हवलदार चौहान हेंब्रम (फाइल फोटो)



कैदी शाहिद अंसारी (फाइल फोटो)

- कैदी शाहिद अंसारी ने हवलदार चौहान हेंब्रम की हत्या कर दी
- वारदात सीसीटीवी में कैद, सिर्फ एक गार्ड के भरोसे था खूंखार

**सीसीटीवी में अस्पताल से निकलते दिख रहा है कैदी :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज को खंगाला. सीसीटीवी के फुटेज में स्पष्ट देखा गया है कि कैदी शाहिद अंसारी घटना को अंजाम देकर दिन के 10:40 बजे अस्पताल परिसर से बाहर निकल रहा है. उस दौरान कोई भी सुरक्षाकर्मी बाहर नहीं था. इस मामले की जांच में फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली जा रही है. फरार हत्यारोपी कैदी की गिरफ्तारी के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

**14 दिनों से मेडिकल कॉलेज में चल रहा था इलाज :** पुलिसकर्मी की हत्या कर फरार होने वाला सजायाफ्ता कैदी था. एसबीएमसीएच में पिछले 14 दिनों से उसका इलाज चल रहा था. जानकारी के अनुसार, शाहिद के शरीर के दाहिना हिस्से में झुनझुनी की शिकायत थी. उसने एम्स में इलाज करने के लिए न्यायालय में आवेदन दिया था. लेकिन, उसका आवेदन अस्वीकार करते हुए उसे इलाज के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था. वहीं, अस्पताल में जिला बल के हवलदार चौहान हेंब्रम सुरक्षा में तैनात थे.

**हत्या के दोष में उम्र कैद की सजा काट रहा था शाहिद :** फरार सजयाफ्ता कैदी शाहिद अंसारी के ऊपर धनबाद में दो मामला दर्ज था. सुदामडीह थाना दर्ज कांड संख्या 40/17 के तहत धारा 341, 323, 354, 356 डी, 306, दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज था. वहीं पाथरडीह थाना में कांड संख्या 40/ 18 के तहत धारा 302 ,201, 382 के तहत मामला दर्ज था.

**रात में एक पुलिसकर्मी के भरोसे रहता है कैदी वार्ड**

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से इलाजरत कैदी के फरार होने का यह कोई पहला मामला नहीं है. पहले भी यहां से कई कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो चुके हैं. वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में होमगार्ड के 30 जवान तैनात हैं. इसके अलावा निजी सुरक्षा गार्ड की भी तैनाती है. हालांकि, रात के समय महज एक पुलिसकर्मी की बदौलत कैदी वार्ड रहता है. वहीं कैदी वार्ड के बाहर भी सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं.

### आईएएस छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 23 को

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में कथित रूप से शामिल रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और कारोबारी विष्णु अग्रवाल की दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई. अदालत ने दोनों आरोपियों की याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख 23 अगस्त निर्धारित की है. मामले में ईडी को जवाब दाखिल करना है.दोनों ने खुद को निर्दोष बताते हुए 19 जुलाई को डिस्चार्ज पीटिशन दाखिल किया. मामला आरोप गठन स्तर पर है. जानकारी हो कि छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में भी आरोपी हैं. इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में हैं. चेशायर होम रोड की जमीन मामले में भी कुछ दिनों बाद उनको रिमांड पर लिया गया.तभी से छवि रंजन जेल में हैं, जबकि विष्णु अग्रवाल जमानत पर चल रहे हैं.

### जेएसएलपीएस के नए सीईओ मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार संभाला

**रांची।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के नए सीईओ के तौर पर सोमवार को मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार संभाला. रांची के इटकी रोड स्थित जेएसएलपीएस दफ्तर में भजंत्री ने जिम्मेदारी संभालते हुए सबसे पहले विभाग के तमाम पदाधिकारी के साथ बैठक की. उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ किस तरीके से ग्रामीण महिलाओं तक पहुंचाया जा सके, इसे लेकर कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है. वही पूर्व सीईओ संदीप कुमार ने कहा कि उनका एक साल का कार्यकाल बेहतर रहा है और कई चीजे सीख कर वह यहां से जा रहे हैं. संदीप कुमार ने मंजूनाथ भजंत्री को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी.




सोमवार को मेन रोड में लगे जाम के कारण रेंगते वाहन. फोटो : रमीज



# लालपुर चौक : जाम बढ़ाती ट्रैफिक लाइट

संवाददाता । रांची

लालपुर चौक. शहर का एक व्यस्त चौराहा. ओल्ड हजारीबाग रोड और सर्कुलर रोड पर स्थित चौराहा. सुबह 9 बजे से रात के 8.30 बजे तक जाम की स्थिति. जाम की वजह चौराहे से गुजरने वाले वाहनों की संख्या है. लेकिन एक बड़ी वजह ट्रैफिक पुलिस का गलत तरीका भी है. ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक लाईट को कुछ इस तरह सेट कर रखा है कि वह बिना रुके वाहन गुजरने के बदले रुकने की वजह बन गया है. लेकिन इस पर पुलिस का ध्यान ही नहीं है. हमने इस चौराहे पर सोमवार को कुछ वक्त गुजारा. हमने जो पाया, वह चौंकाने वाला है. जानकारी के मुताबिक लालपुर चौक पर चार तरफ से सड़कें जुड़ती हैं. अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ की सड़क, कोकर की तरफ की सड़क, कांटाटोली चौक की तरफ से आने वाली सड़क और कचहरी रोड की तरफ की सड़क. लालपुर चौक पर हो यह रहा है कि विपरित दिशा से आने वाले वाहनों के लिए एक ही समय रेड (लाल) या ग्रीन (हरा) लाईट जलता है. इसी से समस्या हो रही है. अलग चारो तरफ से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग समय पर ग्रीन सिग्नल मिले, तो गाड़ियां बिना रुके तेजी से पार कर पायेगी.

**पहली स्थिति**

अगर एक गाड़ी अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ से आ रही है और उसे कांटाटोली चौक की तरफ जाना हो, तो वह दाहिनी तरफ मुड़ेगा, तब कोकर की तरफ से आने वाले वाहन को ग्रीन सिग्नल रहने के बाद भी रुकना पड़ेगा. यही स्थिति तब बनेगी जब कोकर की तरफ से आने वाला वाहन अगर कचहरी चौक की तरफ जा मुड़ता है, तो ग्रीन सिग्नल रहने के बाद भी अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ से आने वाले वाहन को रूकना पड़ेगा. नतीजा वाहन तेजी से चौक को पार नहीं कर पाती.

**दूसरी स्थिति**

अगर एक गाड़ी कचहरी चौक की तरफ से आ रही है और अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ मुड़ रही है, तो कांटाटोली चौक की तरफ से आने वाले वाहन को रूकना पड़ता है. और अगर कांटाटोली की तरफ से आने वाले वाहन कोकर की तरफ मुड़ रहा है, तो कचहरी चौक की तरफ से आने वाले वाहन को ग्रीन सिग्नल रहने के बावजूद रूकना पड़ता है.

**▼ ब्रीफ खबरें**

## नये नगर प्रशासक ने पदभार संभाला



**रांची।** रांची नगर निगम के नये प्रशासक संदीप सिंह ने सोमवार को पदभार संभाल किया. निवर्तमान प्रशासक अमित कुमार ने उन्हें प्रभार सौंपा और शुभकामनाएं दीं. मौके पर अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, उप प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रवींद्र कुमार, मुख्य अभियंता रमाशंकर राम, सहायक प्रशासक मुकेश कुमार, चंद्रदीप कुमार, निहारिका तिर्की, निकेश कुमार, सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, निगम के अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे.

## प्रतिनियुक्ति को आईपीएस अधिकारी शुभांशु विरमित

**रांची।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए आईपीएस शुभांशु जैन को विरमित कर दिया गया. इसे लेकर डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया. शुभांशु जैन 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी है, वो एसआईबी एसपी के पद पर पदस्थापित थे. अब वो आईबी में एसपी के पद योगदान देंगे.



## प्रदूषणमुक्त करने के लिए कांवड़ यात्रा 18 को

**रांची।** स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषणमुक्त करने के लिए 18 अगस्त को कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है. कांवड़ यात्रा का आयोजन स्वर्णरेखा उत्थान समिति की तरफ से किया गया है. इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग स्वर्णरेखा नहीं के उदगमस्थल रानीचुआं से चुटिया स्थित इक्कीसो महादेव तक पैदल कांवड़ यात्रा करेंगे. इस कांवड़ यात्रा का उद्देश्य स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित महादेव मंदिर को संरक्षित करना भी है.

## अरगोड़ा थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**रांची।** अरगोड़ा थाने में मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ है. जगन्नाथपुर के चेतन सिंह ने सोमवार को जय दुर्गा कंस्ट्रक्शन एंड ट्रेडर्स के एजेंट के खिलाफ मारपीट करने और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है. कहा कि वह अपने ऑटो से रांची स्टेशन से हरमू पैसेंजर को छोड़ने गया था. वापसी में अरगोड़ा चौक पर रसीद के लिए उससे मारपीट की गई. एजेंट ने रुकने की आवाज दी. नहीं रुकने पर स्कूटी से पीछा कर मारपीट की. इससे उसका सिर फट गया है और पीठ पर भी काफी चोट लगी है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है.

### जमीन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर एसआईटी के साथ डीजीपी की बैठक

# टीम में जोड़े गए छह डीएसपी

सौरभ सिंह । रांची

रांची जिला में खासकर शहरी क्षेत्र में जमीन माफियाओं के द्वारा जमीन के कागजातों का फर्जीवाड़ा कर और बलपूर्वक गलत तरीके से जमीन हड़पने का काम किया जा रहा है. ऐसे मामले की जांच करने को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सात सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया है. एसआईटी टीम के साथ डीजीपी ने सोमवार को बैठक की, इस दौरान डीजीपी ने रांची एसएसपी को आदेश दिया कि जितने जमीन से संबंधित 144 के मामले हैं, यह सभी जानकारी जल्द से जल्द एसआईटी टीम को उपलब्ध कराया जाए. वही एसआईटी टीम को निर्देश दिया गया है कि जमीन हड़पने से संबंधित मामले की जांच तेजी से की जाए. पहले से इस टीम में सीआईडी के आईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल को अध्यक्ष बनाया गया है. इसके अलावा पटेल मयूर कन्हैयालाल, कार्तिक एस, संध्या रानी मेहता ऋषभ कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा और एएसपी दीपक कुमार को एसआईटी का सदस्य बनाया गया था.

**एसआईटी टीम में जोड़े गए अफसर**

- डीएसपी बनारसी प्रसाद
- डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर
- डीएसपी सुमनगिनी नाग
- डीएसपी तारामणि बाखला
- डीएसपी बहामन टूटी
- डीएसपी प्रदीप पॉल कच्छप
- एसआई चंद्रिका प्रसाद
- एएसआई पुंडरीक पति त्रिवेदी

## नक्सलियों के खिलाफ समन्वय के साथ अभियान चलाने पर दिया गया जोर



**रांची।** नक्सलवाद पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अंतर्राज्यीय समन्वय के लिए सोमवार को बैठक हुई. बैठक में डीजीपी अनुराग गुप्ता के अलावा एडीजी अभियान, आईजी अभियान, डीआईजी स्पेशल ब्रांच शामिल हुए. बैठक के दौरान डीजीपी द्वारा झारखंड के संदर्भ में मिली सूचना समय से देने, नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति करने, वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य के आलोक में की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्याओं पर आपसी सहयोग, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधियों पर नकेल कसने व सभी स्तरों पर अंतर्राज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्ययोजना पर पर चर्चा हुई.

**दो सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश :** प्रत्येक थाना में पिछले कुछ वर्षों में जमीन विवाद से संबंधित आईपीसी धारा 144 ( बीएनएनएस 163 ) के के तहत जितने भी मामले दर्ज किये गये हैं, उसकी गहन समीक्षा की जाएगी. हालांकि एसआईटी के द्वारा यह तय किया जाएगा कि किस थाना में किस वर्ष धारा 144 के मामले की समीक्षा की जाएगी. जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे कांडो की संख्या ज्यादा है. इसलिए रांची जिला से संबंधित थाना प्रभारी का दायित्व होगा कि वह पिछले कुछ जमीन विवाद से संबंधित दर्ज सभी मामलों की संपूर्ण सूची अपने-अपने क्षेत्र के डीएसपी को उपलब्ध करा देंगे और उसे क्षेत्र के डीएसपी उन जमीन विवाद की स्वयं ग्रहण जांच करते हुए एक रिपोर्ट एसआईटी के अध्यक्ष को समर्पित करेंगे. इसको लेकर रांची के सभी डीएसपी को सख्त आदेश दिया जाता है, कि आदेश प्राप्ति के दो सप्ताह के भीतर कार्य पूरा हो जाना चाहिए.

**रांची एसएसपी को दिया गया कड़ा आदेश :** डीजीपी द्वारा जारी आदेश में रांची एसएसपी से लेकर सभी एसपी, डीएसपी, थाना प्रभारी, टीओपी प्रभारी और विभिन्न ऑफिस में कार्यरत सभी कर्मियों को कड़ा निर्देश दिया जाता है, कि वह इस पूरे प्रकरण में एसआईटी का पूर्ण सहयोग करेंगे. उनके द्वारा जो भी जानकारियां, दस्तावेज और सूचनाओं की मांग की जाती है उसे त्वरित रूप से उपलब्ध कराएंगे. इस कार्य में किसी व्यक्ति के द्वारा शिथिलता बढ़ते जाने पर उसे पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

## 3 अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और 15 के रिन्यूअल की स्वीकृति

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सलाहकार समिति ( पीसी एवं पीएनडीटी ) की बैठक आयोजित हुई. बैठक में समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने, स्थान परिवर्तन एवं अस्पतालों के सील सीजर पर विचार-विमर्श किया गया.

अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति ने तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और 15 सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति प्रदान की. जबकि निबंधन के लिए तीन और रिन्यूअल के लिए चार अल्ट्रासाउंड सेंटर का भ्रमण कर प्रतिवेदन के आधार पर निर्णय लेने की सहमति बनी. इसके साथ बैठक के दौरान समिति ने आठ संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, दस चिकित्साकों की जॉइनिंग, पांच संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने एवं दो अस्पतालों का सील सीजर खोलने का अनुमोदन प्रदान किया.

# बिना रूट पास के ई-रिक्शा चलाने वाले हुए दंडित, 13 ई-रिक्शा जब्त



जांच अभियान के दौरान स्कूल बस की जांच करते ट्रैफिक पुलिस के जवान.

संवाददाता । रांची

सोमवार को रांची ट्रैफिक पुलिस ने जाकिर हुसैन पार्क में बिना रूट पास के ई-रिक्शा चलाने वाले के विरुद्ध जांच अभियान चलाया. इस दौरान बिना रूट पास के 13 ई-रिक्शा को जब्त किया गया. इसके साथ कांके रोड में स्कूल बस के चालकों के विरुद्ध ड्रंकन टेस्ट अभियान चलाया गया.

जांच के दौरान 12 स्कूल बस के ड्राइवर का ड्रंकन टेस्ट किया गया. इसमें कैराली स्कूल का बस सं- जेएच-01-एएम-4156 के चालक ड्रंक टेस्ट पर पॉजिटिव पाया गया, जिसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कि गई. वहीं रेडियम चौक से जेल चौक, लालपुर चौक एवं डंगरा टोली चौक तक नो पार्किंग में खड़े चार पहिया वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान कई चार पहिया वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा पाया गया, जिस पर अविलंब गाड़ी हटाने व नहीं हटाये जाने पर कानूनी कार्रवाई किये जाने संबंधी पम्पलेट चिपकाया गया.

पम्पलेट चिपकाये जाने के बाद भी चार पहिया वाहन संख्या सीजी-15-डीके-4397 एंव जेएच-01-इडब्लू-2231 नो पार्किंग स्थल से नहीं हटाने पर टो करके लालपुर यातायात थाना में कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा गया. ट्रैफिक पुलिस पाधीक्षक-द्वितीय शिव प्रकाश कुमार के नेतृत्व में कि गई कार्रवाई के दौरान लालपुर थाना, ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड के जवान शामिल थे.

# शॉट सर्किट से नेपाल हाऊस सचिवालय में इंजीनियर के चैंबर में लगी आग, हादसा टला

विशेष संवाददाता । रांची



- एसी, प्यून बैठने वाली जगह की टेबल, कुर्सी आदि जल गई, फाइल को कोई नुकसान नहीं
- आग रविवार देर रात या सोमवार सुबह लगने की आशंका जतायी गयी नेपाल हाऊस की सुरक्षा पर सवाल

नेपाल हाऊस के पेयजल विभाग विंग में संयुक्त सचिव प्रबंध कोषांग और पीएमयू के निदेशक अनिल प्रसाद के चैंबर के बाहर चपरासी बैठने वाले जगह पर आग लग गयी. मिली जानकारी के अनुसार यह आग रविवार को देर रात या सोमवार को अहले सुबह शॉट सर्किट से लगी. क्योंकि शनिवार को भी ऑफिस खुला था. रविवार को भी कुछ आवश्यक कार्य के लिए ऑफिस खुली हुई थी.

पेयजल विभाग के एक कर्मचारी के अनुसार यह आग सोमवार को अहले सुबह लगी. जब सुबह 9 बजे ऑफिस खुली और साफ सफाई के लिए सफाई कर्मी पहुंचे तो देखा कि अनिल प्रसाद के चैंबर के बाहर का हिस्सा पूरी तरह से जल गया है.चेंबर के बाहर जहां पर प्यून बैठते हैं वहां का टेबल, कुर्सी और पूरा वायरिंग जला हुआ है. मगर अनिल प्रसाद के चैंबर में पड़े फाइल एवं अन्य समान बच गए. मगर आग के कारण धूल-कण अन्य कमरों तक पहुंच गया था. जिसके कारण अन्य चैंबर में भी काम करना मुश्किल था. बाद में साफ-सफाई करके पुनः ऑफिस में काम-काज शुरू किया गया. अब सवाल उठता है कि अगर आग रविवार की देर रात या सोमवार को अहले सुबह लगी तो नेपाल हाऊस की सुरक्षा का जिम्मेवार क्या कर रहे थे. अगर आग का स्वरूप बड़ा होता तो पूरा सचिवालय परिसर को अपने चपेट में ले सकता था, जिसके बाद बड़ा नुकसान हो सकता था.

## झामुमो के वोटर बन गए हैं घुसपैठिए : अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा. कहा, बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हेमंत सरकार कार्रवाई करने से डर रही. ये झामुमो के वोट बैंक बन चुके हैं. इस लिए सरकार इनका संरक्षक बनी हुई है.

घुसपैठिए आदिवासी दलित समाज के लोगो की संपत्ति पर कब्जा कर रहे. बहन बेटियों से शादी कर के जमीन पर कब्जा कर रहे. हिंदू आबादी को अपना घर छोड़ कर भागने को मजबूर कर रहे. संथाल में तारानगर, गोपीनाथपुर , गाय बथान में घुसपैठियों का साम्राज्य है. घुसपैठिए राज्य को दीमक की तरह चाट रहे और सरकार मौन है. एक तरफ हाईकोर्ट ने घुसपैठियों पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं फिर भी सरकार लीपा पोती में लगी हुई है. बाहर में सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ से इंकार करती है, कोर्ट ने एफिडेविट कर स्वीकार भी करती है.

# बाहरी को नौकरी औ़र झारखंडियों को एक हजार देकर ठगने का हो रहा प्रयासः कुदरसी मुंडा

संवाददाता । रांची



भारत आदिवासी पार्टी के कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता.

भारत आदिवासी पार्टी कार्यकार्ताओं का सम्मेलन धुमकुड़िया करमटोली में आयोजित किया गया. जिसमें सैकड़ों लोगों ने भारत आदिवासी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा ने कहा कि झामुमो ने झारखंड के युवाओं को ठगा है. आदिवासियों को वोट बैंक बना रखा है. पांच साल खत्म हो रहा है. इनसे आदिवासी समुदाय का विश्वास उठ चुका है.

विस चुनाव में झारखंडियों को पटाने के लिए मंईयां योजना चालू की है. और बाहरी को नौकरी दी गई है. झारखंडियों को एक हजार रुपए देकर वोट मांगने का प्रयास हो रहा है. प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि भारत आदिवासी सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी. बाहर के लोग गद्दी पर बैठे हुए हैं.अपने हक अधिकार के लिए आदिवासी समाज को जागरूक होना होगा. आदिवासियों को राजनीतिक दलों ने बांट दिया है. सरकार झारखंड में पेसा कानून नही बना पाई है.

## कांके के सुरेंद्र लिंडा बने पार्टी के रांची जिलाध्यक्ष

राज्य की 75 प्रतिशत विधानसभा सीटों पर आदिवासियों का हक अधिकार है. ग्राम शक्ति को मजबूत किया जाएगा. कार्यकर्ता सम्मेलन में सर्वसमिति से कांके के सुरेंद्र लिंडा को भारत आदिवासी पार्टी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया. मौके सुरेंद्र लिंडा, मारिनुस तिग्गा, शनि खलखो, रिसा केरकेट्टा, देवा उरांव, कविता तिग्गा उपाध्यक्ष,दीपिका होरो,सबिता कुजूर समेत अन्य शामिल थे.

**अभियान** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (पल्स पोलियो) को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक

# 25 से 27 तक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

- 507474 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य

संवाददाता । रांची

25 से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (पल्स पोलियो) को लेकर सोमवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि द्वारा पीपीटी के माध्यम से रांची जिला में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस को लेकर कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई.

**25 को बूथ पर, 26-27 को हाउस टू हाउस पिलाई जाएगी खुराक :** रांची जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 25 अगस्त को बूथ पर तथा 26 एवं 27 अगस्त को हाउस टू हाउस पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई जाएगी. पूरे जिले में 507474 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है. इनमें शहरी इलाके में 208020 और ग्रामीण इलाके में 299454 बच्चे हैं. इसके लिए कुल 3893 बूथ बनाए जाएंगे, शहरी इलाके में 1170 और ग्रामीण इलाके में 2723 बूथ होंगे.



सोमवार को रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा बैठक करते हुए.

## पर्याप्त मैनपॉवर, योजना अनुरूप कार्य करें : उपायुक्त

डीसी ने योजना अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त मैनपावर है. सभी सुपरवाइजर की ट्रेनिंग कराने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया. उन्होंने कहा कि हाउस टू हाउस विजिट के दौरान आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, उन्हें भी प्रशिक्षण में शामिल करें. जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिन बच्चों को पोलियो की खुराक नहीं मिली है उन्हें चिन्हित करने और अभियान के प्रचार-प्रसार को लेकर भी डीसी द्वारा उचित व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. डीसी ने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान पोलियो का खुराक पीने के बाद होने वाले सामान्य साइट इफेक्ट्स की जानकारी सुपरवाइजर को दें ताकि वो अभिभावकों को समझा सकें कि घबराने की जरूरत नहीं है. उन्होंने अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के सम्मानित/प्रतिष्ठित लोगों को भी शामिल करने की बात कही, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को लाभ मिल सके. समाहरणालय में आयोजित बैठक में सिविल सर्जन रांची प्रभात कुमार, डीआरसीएचओ, विभिन्न प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डब्ल्यूएचओ/ यूनिसेफ प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे.

## राष्ट्र जागरण का अभियान है हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को तिरंगा ध्वज स्टॉल का उद्घाटन किया गया. प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. यह कार्यक्रम राष्ट्र जागरण का ऐतिहासिक है. प्रत्येक भारत वासी आजादी के आंदोलन में जान की बाजी लगाने वाले लाखों स्वतंत्रता सेनानियों शहीदों को तिरंगा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है, नमन करता है. राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की आन बान और शान है. इसको अपने अपने घरों पर लगा कर हर भारतवासी गौरवान्वित महसूस करता है. भाजपा कार्यकर्ता हर घर तक ध्वज पहुंचे इसकी चिंता करते हैं.

बाबा का शृंगार कर मनोवांछित फल की कामना की





फोटो रमीज की

## श्रद्धालुओं ने उतारी पहाड़ी बाबा की महाआरती



रांची। पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सोमवार की शाम पांच बजे महाआरती उतारी गयी. इसमें विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनो के पदाधिकारियों और सदस्यों संग बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया. कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू संग हरे राम सिंह चंदेल, राजेश सिन्हा सन्नी,अंकित सहाय, नवनीत कौर ने भी खास तौर से हिस्सा लिया, मौके पर खीर महाप्रसाद का वितरण भी किया गया. आयोजक नंदकिशोर सिंह चंदेल ने बताया कि अंतिम सोमवारी पर 19 अगस्त को पांच सौ महिलाएं बाबा की आरती उतारेंगी. मौके पर अलौकिक जीवंत झांकियां सब का मन मोहेगी.

## महादेव कण-कण में विराजमान : राजमती

रांची । पिठोरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला का शुभारंभ किया गया. चटकपुर पंचायत की उप मुखिया नमिता देवी और विवि संचालिका बीके राजमती व आशुतोष द्विवेदी ने फीता काट कर मेला का उदघाटन किया. 12 दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला-2024 में सोमवार को 200 से अधिक शिव भक्तों ने हिस्सा लिया. भक्तों ने 12 जोयतिर्लिंग के प्रारूपों का दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की. बीके राजमती ने श्रद्धालुओं से कहा कि देवों के देव महादेव हमारे कण-कण में विराजमान हैं. हमें उन्हें कहीं ढूंढने की जरुरत नहीं है. हमें सिर्फ शिव के बताए रास्ते पर चलते हुए आराधना करने की जरुरत है. कार्यक्रम में शुभम चौधरी, आशोक सहाय, अरविंद सहाय, बंटी श्रीवास्तव, अश्विन सिन्हा, जया श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.


## श्रीराणी सती मंडल का वार्षिकोत्सव 25 को

रांची। श्रीराणी सती मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव 25 अगस्त को धूमधाम से मनाया जायेगा. मारवाड़ी भवन, हरमू रोड में सुबह सात से रात नौ बजे तक भक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे. अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि इसके सफल आयोज को लेकर कमेटी गठित की गयी है, जिसमें सुशील केडिया को संयोजक और अमित खेमका सहसंयोजक बनाए गये हैं. मंत्री अरविंद मंगल और मीडिया प्रभारी निर्मल बुधिया ने बताया कि सूरत की प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचक सुरभि बीरजुका संग 501 सुहागन महिलाएं सस्वर पाठ करेंगी. कोलकाता के मशहूर भजन गायक विजय सोनी और वाराणसी की पायल अग्रवाल भी मनमोहक प्रस्तुति देंगी. उपाध्यक्ष राजेन्द्र केडिया ने बताया कि मंगल पाठ में भाग लेने के इच्छुक भवन से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं.

## भक्तों ने की सुरेश्वर महादेव की शृंगार आरती



रांची। सुरेश्वर धाम, चुटिया में भोले बाबा का पुष्प शृंगार कर संध्या आरती उतारी गयी. 111 किलो दूध का खीर प्रसाद बांटा गया. इसमें धनबाद के डीएसपी दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया.मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, ऋतिक राज, संजयकुमार, कृष्णा साहु गुड्डू, गुजा तिर्की, मनपुरण नायक, रतन लाल, शत्रु नायक, विक्रम साहू, धनंजय सिंह, रंजित राम, शत्रु नायक, शंभू साहू,राकेश कुमार साहू, दशरथ सिंह,नरेन्द्र साहू इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.



लाखों श्रद्धालुओं ने शिवालयों में भोले बाबा का जलाभिषेक-पूजन और शृंगार कर मनोवांछित फल की कामना की

# चौथी सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता । रांची

राजधानी चौथी सोमवारी पर 12 अगस्त को श्रीशिव की भक्ति में रमी रही. देवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा. लाखों श्रद्धालुओं ने शहर के विभन्न शिवालयों में भोले बाबा का जलाभिषेक-पूजन और शृंगार कर मनोवांच्छित फल की कामना की. सुबह से शाम चार बजे तक जलाभिषेक-पूजन को तांता लगा रहा. शाम ढलते महादेव का पुष्प श्रंगार कर आरती उतारी गयी. पहाड़ी मंदिर में हजारो भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया. यहां सुबह चार से रात साढ़े नौ बजे तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. पहले स्वर्णरेखा घाट से जल लेकर आए कांवरियों ने जल चढ़ाया. इनके बाद आम श्रद्धालु बिल्वपत्र, मदार का फूल और भांग-धथुरा चढ़ा कर रूद्रावतार महादेव को मनाने में जुटे रहे. शाम साढ़े सात बजे बाबा का शृंगार किया गया. फिर पहाड़ी बाबा की आरती उतारी. छप्पन भोग लगाया. रात साढ़े नौ बजे प्रसाद वितरण के साथ पट बंद हुआ.



शाम चार बजे तक जलाभिषेक-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा.

सुरेश्वर धाम, चुटिया में भी अहले सुबह से दोपहर बाद तक जलार्पण को पहुंचे भक्तों की लंबी कतार लगी रही. सांझ ढलते महादेव का भव्य पुष्प शृंगार कर आरती उतारी गयी.

इधर विश्वनाथ शिव मंदिर, पिस्का मोड़ में भी विशेष आयोजन हुआ. सुबह से दोपरह बाद तक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक -पूजन किया. शाम सात बजे विशेष शृंगार कर भोले बाबा की सामूहिक रूप से आरती उतारी गयी. रात नौ बजे प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ. मंदिर के अध्यक्ष शैलेश्वर दयाल सिंह ने बताया कि अंतिम सोमवारी पर 19 अगस्त को मंदिर में खास आयोजन किए जायेंगे. शहर के अन्य देवालयो में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं जलार्पण कर भोले बाबा को रिझाया.

### डीसी और एसडीएम ने किया अभिषेक

डीसी राहुल सिन्हा और एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने तड़के तीन बजे पहाड़ी बाबा का रुद्राभिषेक कर श्रद्धा अर्पित की. मौके पर पहाड़ी मंदिर के अध्यक्ष एनएन पांडेय, बादल सिंह सहित श्रद्धालुओं ने भी इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

**पहाड़ी बाबा का पुष्प शृंगार** : भक्तों ने पहाड़ी बाबा का संध्या पुष्प शृंगार कर आरती उतारी. छप्पन भोग लगाया. दर्शन-पूजन और प्रसाद वितरण के साथ रात साढ़े नौ बजे मंदिर का पट बंद हुआ. शहर के अन्य शिवालयों में भी पुष्प शृंगार कर संध्या आरती उतारी गयी. जगह-जगह खीर प्रसाद बांटा गया.

**शांतिपूर्ण हुआ दर्शन** : अर्घा सिस्टम और चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था से मंदिर में हजारों की भीड़ के बाद भी व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही, सभी ने शांतिपूर्ण ढंग से बाबा का दर्शन किया. पूर्व आयुक्त जटा शंकर चौधरी, सचिव राकेश सिन्हा,वित्त प्रभारी राजेश साहू राजू,प्रवक्ता बादल सिंह, हेम सिंह,राजेन्द्र सिंह, अजय सिंह,अंकित ,संजना शर्मा,मंदिर पुजारी मनोज मिश्रा, पिंटू बाबा, राधा मोहन पाठक,प्रदीप ठाकुर,शेरू आदि ने इसमें मुख्य योगदान दिया.

**सेवा शिविर लगा दिया सहयोग** : सामाजिक और धार्मिक संगठनो की ओर से सेवा शिविर लगा शंभू भक्तों को हर तरह से सहयोग दिया गया. दूध, फल-फूल आदि का वितरण किया गया. पहाड़ी मंदिर में हिंदू जागरण मंच आदि ने शिविर लगा श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित रहे.

## विश्व हाथी दिवस पर विशेष एसेंबली का आयोजन



रांची। डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में सोमवार को विश्व हाथी दिवस के मौके पर विशेष एसेंबली का आयोजन क्लास फाइव ए के विद्यार्थियों द्वारा किया गया. हाथियों के महत्व व उनके संरक्षण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व हाथी दिवस 12 अगस्त 2012 से मनाया जा रहा है. इसे मानने का उद्देश्य हाथियों के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक बनाना है. विद्यार्थियों ने हाथियों से संबंधित अनेक प्रश्नोत्तर व रोचक तथ्यों के विषय में में भी जानकारियां साझा कीं. स्कूल की मुख्य शिक्षिका रोशी वाधवानी ने हाथियों व वन्य जीवों की उपयोगिता और उनके महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बहुत सारे वन्य जीव लुप्त प्राय हो रहे हैं. हाथी झारखंड का राजकीय पशु है. उनके बचाव पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. इसके लिए हम सबको जागरूक होने की जरूरत है शिक्षिका सोनाली दत्ता, शैली शालीन ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया.

## वोकेशनल छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम



रांची। संत जेवियर्स कॉलेज में सोमवार को स्नातक वोकेशनल कोर्स के नए बैच के छात्रों के लिए फ़ादर सी डिब्रावर सभागार में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा ने करते हुए आध्यात्मिक और प्रेरक संबोधन से नए विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया. उन्होंने छात्रों को सही व्यवहार और मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. उप प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने नए सत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई के टिप्स दिए. साथ ही साथ कॉलेज के मिशन विजन और कोर वैल्यू से अवगत कराया गया. कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया. कार्यक्रम में उप प्राचार्य (इवनिंग) फादर डॉ अजय अरुण मिंज ने करियर, नियोजन, उद्योग के अवसर और कॉलेज में समय का अधिकतम लाभ उठाने के अन्य तरीकों के बारे में जानकारी दी.

## एमएमके उच्च विद्यालय में क्राफ्ट और ड्राइंग वर्कशॉप का आयोजन

रांची। एमएमके हाई स्कूल, बरियातू में क्राफ्ट और ड्राइंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया. वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य छात्रों में कला और रचनात्मकता का विकास करना था. इसमें कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. उन्होंने विभिन्न प्रकार की क्राफ्ट और ड्राइंग तकनीक सीखी. वर्कशॉप का संचालन कला शिक्षिका अनिता ने किया. उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रकार की कला शैलियों और तकनीक बारे में बताया. विद्यार्थियों ने रंगों का प्रयोग, पेपर क्राफ्टिंग, पेंटिंग और स्केचिंग जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया.

## नामकुम के 78 शिक्षकों की सेवा का हुआ सत्यापन

रांची। नामकुम प्रखंड के प्रारंभिक विद्यालय के 78 शिक्षक-शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिका का सत्यापन किया गया. शिक्षकों की बाधा रहित नियमित सेवा के लिए यह सत्यापन किया जाता है. राजकीयकृत बुनियादी मध्य विद्यालय, नामकुम में प्रखंड के सभी शिक्षकों के लिए शिविरलगा था. मौके पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी ने कहा कि सभी शिक्षकों का काम तेजी से ससमय करने के लिए वे हमेशा तत्पर हैं. सरकारी सेवक होने के नाते सेवा संहिता के आधार पर हम सभी को अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए. शिविर में मंच संचालन राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेश कुमार ने किया. शिविर में अनगड़ा के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी विमलकांत झा, नामकुम की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कल्पना तांती, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बिजेंदर चौबे, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, रांची जिला महासचिव कृष्णा शर्मा, मो हसन, अनिल गुप्ता, संघ के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अजय ज्ञानी, रांची जिला संगठन सचिव राजेश कुमार,देशराज मिश्रा, नामकुम के बिल मैसेंजर भारत भूषण, मंजीत सिंह, प्रवीण गुप्ता, अरविन्द अर्णव, बद्री विशाल, कयामुद्दीन, राजन टोप्पो, जलजनाथ, सुरेंद्र महतो, संतोष हेमरोम, फूलों कच्छप, नरोत्तम, अजय अनित, मंजू कुमारी, जुली कुमारी, लाखपति खां सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे.

## फिशरी साइंस कॉलेज में 'जलकृषि एवं आहार प्रबंधन' पर प्रशिक्षण

रांची। बीएयू के फिशरी साइंस कॉलेज में 'जलकृषि एवं आहार प्रबंधन' विषय पर प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ. इसका आयोजन राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड- पीएम मत्स्य संपदा योजना के साथ किया गया, जिसमें गुमला चैनपुर प्रखंड से 27 उद्यमियों ने भाग लिया. इनमें 20 महिला व सात पुरुष शामिल थे. सबको मछलीपालन, आहार का महत्त्व, स्थानीय सामग्रियों के निर्माण का तरीका, विभिन्न आहार पद्धतियों एवं पिंजरे में मछली पालन की जानकारी दी गयी. प्रशिक्षण कॉलेज के डॉ एके सिंह के मार्गदर्शन व सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत जेना के दिशा-निर्देश में कराया गया.

## न्यूज अपडेट

### महिला मंडल को मिला 50 हजार का पुरस्कार



रांची। भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में हुई आदिवासी व्यंजन प्रतियोगिता, प्रदर्शनी सह बिक्री में रोहतास नगर सरना समिति की महिला मंडल ने बाजी मारी. पुरस्कार स्वरूप 50 हजार का चेक प्राप्त किया. समिति के डॉ विनीत कुमार भगत का इसमें मुख्य सहयोग रहा. डॉ रामदयाल सिंह मुंडा जनजातीय शोध संस्थान की ओर से आदिवासी महोत्सव के मौके पर इसका खास आयोजन किया गया था. सुष्मा मिंज, रंजीता कुमारी, मुन्नी उरांव, सरिता देवी, सुनीता देवी, प्रभा कुमारी, कमलावती देवी और जगमनी उरांव ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया. डॉ विनीत ने बताया कि जीत की राशि समिति के निर्माणाधीन धुमकुड़िया बहुउदेशीय भवन के निर्माण कार्य के लिए दान कर दिया गया.

### राष्टीय युवा शक्ति 15 को निकालेगा तिरंगा यात्रा



रांची। राष्टीय युवा शक्ति सोमवार को मोरहाबादी में 15 अगस्त को लेकर प्रेस कांफ्रेस आयोजित की. केंद्रीय प्रवक्ता शैलेश नंद तिवारी ने कहा आओ भारत पर्व मनायें की तर्ज पर रांची की सड़कों से दस किमी तक राष्टीय ध्वज यात्रा निकलेगी. जो ओटीसी ग्राउंस से शुरू होगी. इसके बाद शहर की मुख्य सड़कों पर राष्ट्रीय ध्वज श्रृंखला बना कर देश को एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा. उपाध्यक्ष सावन लिंडा ने कहा कि नौ बजे अलबर्ट एक्का चौक के सामने वीर शहीद की पत्नी के हाथों से तिरंगा झंडा फहराया जाएगा. पहले अल्बर्ट चौक को वीर शहीदों के नाम पर कटआउट, बैलून, विद्तु सज्जा से संवारा जाएगा. ओटीसी ग्राउंड, बिड़ला मैदान, चूना भट्टा, विद्या नगर, अपर बाजार, लालपुर, मेनरोड समेत दर्जनों स्थानों से शोभायात्रा निकाली जाएगी.

पहली वर्षगांठ

मॉल ऑफ रांची मना रहा है वर्षगांठ, ग्राहकों के लिए लक्की ड्रॉ आयोजित किए गए हैं

# आज किए गए हैं खास आयोजन, आप भी लें सकते हैं आनंद

संवाददाता। रांची

शहर का मशूहूर मॉल ऑफ रांची, 13 अगस्त को अपनी पहली वर्षगांठ मना रहा है. ग्राहकों के लिए विभिन्न तरह के गेम्स औऱ लक्की ड्रॉ आयोजित किए गए हैं.खरीदारी करने पर प्रेमसंस होंडा से होंडा स्कूटी और बाइक लकी ड्रा का विजेता बन सकते हैं. सोमवार को रातू रोड स्थित मॉल ऑफ रांची के महाप्रबंधक सुब्रत सान्याल, डायरेक्टर नितिश अग्रवाल, औऱ रिषभ लोहिया ने मीडिया को सम्बोधित किया. कहा कि रांची मे पहला मॉल है.जहां एक छत पर सारी सुविधा उपलब्ध है. जिसमे रेस्टुरेंट, विभिन्न प्रकार के गेम्स समेत लाइव इवेंट आयोजित किया गया है.



डायरेक्टर नीतीश अग्रवाल ने कहा कि झाऱखंड के मशहूर कलाकार गौरव राज शाम छह बजे बैंडस प्रस्तुत करेंगे, जो रात 11 बजे तक चलेगा.मॉल ऑफ रांची तक पहुंचने के लिए विशेष टीम बनाई गई है. राजधानी के स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल के बीच मॉल ऑफ रांची के बारे में बताया जा रहा है. उन्हें गिफ्ट भी दी जा रही है.

**ग्राहकों को उपहार :** ग्राहकों को पांच हजार से अधिक की खरीदारी करने पर एक लकी ड्रा का कूपन दिये गए थे. जिसमें से ग्राहकों के बीच लक्की ड्रा की घोषणा की जाएगी. ब्रांड पुरस्कारः सिंघानिया स्कोडा द्वारा स्कोडा स्लाविया, प्रेमसंस होंडा से होंडा स्कूटी और बाइक दी जाएगी. इसकेअतिरिक्त पुरस्कार जो ग्राहक मुख्य पुरस्कार नहीं जीतेंगे, उनके लिए टिकट होल्डर्स के लिए 1100 और 2100 रुपए के रिडीमेबल कूपन दिए जाएंगे. इससे मॉल ऑफ रांची मे किसी भी ब्रांच मे जाकर खरीदीरी कर सकते हैं. उनके टिकट के आखिरी तीन या दो अंक मुख्य ड्रा कूपन से मैच करता हो.

**संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे** : मॉल ऑफ रांची ने पिछले कुछ महीनों में एक जीवंत शॉपिंग फेस्टिवल की मेजबानी की है, जिससे खरीदारी के अनुभव को अनेक डील्स और प्रमोशंस के साथ समृद्ध किया गया है. 13 अगस्त को आयोजित की जा रही वर्षगांठ के मौके उत्सव के इस फेस्टिवल का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसमें लकी ड्रा और विभिन्न प्रकार के मनोरंजन शामिल हैं.

### मॉल ऑफ रांची ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

मॉल ऑफ रांची में ग्राहक की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया गया है. मॉल के मैनजमेंट व साफ सुथरा रखने, ग्राहकों की देखरेख के लिए मैनजमेंट सुविधा उपलब्ध है. कोई ग्राहक समान खरीदारी करने पर भूल गया है, या किसी कारण छोड़ देता , तो इसके लिए मॉल ऑफ रांची ने दो हेल्पलाइन नंबर भी 8051066666,8051166666 जारी किया है.

# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने हरियाली तीज महोत्सव मनाया

संवाददाता। रांची

स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने रविवार को रांची में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजित किया. मुख्य अतिथि मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य, संयुक्त महिला समिति की रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने स्वागत किया गया. इस अवसर पर कोयला खनन परियोजना, हजारीबाग की लेडीज क्लब की अध्यक्षों और क्लब की वरिष्ठ समिति के कार्यकारी सदस्य शामिल हुए. इस अवसर पर मीनाक्षी श्रीवास्तव ने कहा कि तीज महोत्सव के महत्व को साझा किया. इसके लिए कुछ समय अवश्य निकालना चाहिए तथा सामाजिक मेलजोल के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं. रेखा जैन ने कहा कि तीज देश में वर्षा ऋतु में मनाया जाने वाला पर्व है.



**सुनीता पांडे को तीज क्वीन का खिताब मिला** : तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं का चयन तीन राउंड जैसे आत्म-परिचय, रैंप वॉक और जजों द्वारा प्रश्न-उत्तर राउंड के माध्यम से किया गया. तीज क्वीन प्रतियोगिता में सुनीता पांडे को तीज क्वीन का खिताब मिला, सोनी ठाकुर प्रथम रनर-अप रहीं. और सुगंधा द्वितीय रनर-अप रहीं. मौके पर उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी, पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव दीपा, संयुक्त सचिव परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव अनीता प्रसाद, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, कोषाध्यक्ष स्निग्धा माझी और अन्य सदस्य उपस्थित थे.

▼ ब्रीफ खबरें

## बुंडू में ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बुंडू।** रांची-टाटा रोड पर बुंडू के गोसाईंडीह के पास ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई. घटना सोमवार शाम लगभग तीन बजे की है. मृतक 55 वर्षीय छोटू मछुआ बुंडू प्रखंड क्षेत्र के मछुआटोली, कांची का निवासी था. ग्रामीणों के अनुसार उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब थी. वह दिन भर भिक्षाटन कर अपने पांच बच्चों का पालन-पोषण कर रहा था. भिक्षाटन के बाद अपने घर लौटने के क्रम में वह रांची की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में आ गया.

## सतीश केरकेट्टा को लोगों ने दी बधाई

**कांके।** भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी सतीश केरकेट्टा के जन्मदिन पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम ने बधाई दी.कांके क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दी शुभकामनाएं दी. बधाई देने वालों में सुकेश तिवारी. सत्रुधन साहु. सूचित कुमार सिंह तथा कलाकार स्टूडियो के टीम ने बधाई दी जिसमे अंकित केरकेटा. अभिसेक. मनीष टोप्पो. अतुल मोदक, रमेश कक्षप, लक्ष्मी कक्षयप, अक्षय कच्छप आदि थे.

## डकरा में आवधिक परीक्षा दो का रिजल्ट वितरण

**डकरा।** झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर, डकरा में आवधिक परीक्षा 2 का रिजल्ट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों को उनके परिणाम पत्र प्रदान किए गए. सम्मानित किए गए विद्यार्थियों में ऋतिक उरांव, आदित्य कुमार, हर्षित कुमार चौहान, अंजली कुमारी, आर्या प्रधान, समृद्धि कुमारी,सोनू कुमार, और आराध्या कुमारी.विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निर्देशक अभिषेक कुमार चौहान ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी.

## किता नहर की जल्द करायी जाएगी मरम्मत

**सिल्ली/मुरी।** विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता विपिन भगत, सहायक अभियंता अंतरीक्ष जैन व कनीय अभियंता नितेश सिंह , पूर्व मुखिया जगदीश महतो, शिवशंकर प्रसाद, मंटु महतो आदि के साथ किता नहर के क्षतिग्रस्त जगहों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान शहीद रघुनाथ महतो द्वार के समीप टूटे नहर को तत्काल मरम्मती के लिए ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया.

## जिप सदस्य ने घर -घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ

**नामकुम।** प्रखंड के कुटियातु पंचायत के राजधानी चौक में भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा के नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच 151 तिरंगा झंडा का वितरण कर घर घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ . कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्देश व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में कार्यक्रम किया जा रहा है .मौके पर प्रमोद कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि गोरखनाथ सिंह दिलीप साहू कृष्णा काशी, कन्दरू महतो, रघुनाथ महतो, प्रवीण महतो आदि शामिल थे.

## रांची में सीआरपीएफ ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रांची।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र रांची के डीआईजी डीएन लाल के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्रुप केंद्र से बाईक रैली निकाली गई. इस बाईक रैली में ग्रुप केद्र और रेंज के जवान सम्मिलित हुए. यह बाईक रैली ग्रुप केंद्र से निकल कर बालालौग पंचायत के अंतर्गत सेन्बो एवं बारीडीह गांव से गुजरी. रैली के दौरान स्थानीय ग्रामीणों को तिरंगा यात्रा से अवगत कराते हुए उनके बीच तिरंगा का वितरण किया गया.

## डकरा में 18 को अखंड हरी कीर्तन का होगा आयोजन

**डकरा।** मोहन नगर शिव मंदिर में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नंदलाल चौहान व संचालन प्रदीप कुमार ठाकुर ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 18 अगस्त को सुबह 9 बजे से 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन आयोजित किया जाएगा.मोहन नगर शिव मंदिर में होने वाले इस 24 घंटे के अखंड कीर्तन को सफल बनाने में सहयोग करें.

### मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग प्रखंड में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया

# साइकिल पाने से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर

**संवाददाता।लापुंग**

लापुंग प्रखंड अंतर्गत ग्राम गाड़ा में गाड़ा नदी से पछमाहा पी०सी०सी०पथ , ग्राम पबिरा मे मादी मुंडा कर घर से पबिरा डाड़ाटोली पी०सी सी० पथ , ग्राम कथकुवांरी झोरा टोली से खिजूर मोड़ से लेकर कारो नदी एवं ग्राम बलान्दु मे पुलिया निर्माण का शिलान्यास विधिवत तरीके से माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया. वहीं प्रखंड मुख्यालय में 2023-24 के आठवीं कक्षा की छात्र छात्राओं के बीच विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने वितरण किया. इस मौके पर साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं ने खुशी जताई. वही विधायक ने कहा कि पिछले सत्र के



बच्चों के बीच साइकिल का वितरण करती विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य.

आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच कल्याण विभाग की ओर से निःशुल्क साइकिल का वितरण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार झारखंड के सभी वर्गों के लिए अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर रही है. उन्होंने आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सहिया से भी उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली. आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहिया ने कहा कि हमें भी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलना चाहिए. इस मौके पर बीडीओ उषा मिंज, बीएसओ विनोद नारायण झा, बीपीओ लीलावती तिर्की, लापुंग मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद महतो, सहायक शिक्षक जीवेश्वर साय, समाजसेवी महावीर साहु सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे. इसके पूर्व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अलग-अलग योजनाओं की आधारशिला रखी . उन्होंने बताया कि उक्त सभी योजनाएं लाखों रुपये के लागत से बनाई जाएगी. शिलान्यास कार्यक्रम मे सभी जगह ग्रामीण, विधायक का बहुत समय से इंतजार कर रहे थे. विधायक को देखकर ग्रामीण काफी खुश थे.

ग्रामीण पुष्प माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया. ग्रामीण अपनी सहमति दर्ज करते हुए कहा कि यह हमारी पुरानी मांग थी. जिसे विधायक ने पुरा किया, इसके लिए उन्होंने विधायक के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए, धन्यवाद दिया. विधायक शिलान्यास करने के पश्चात अपने पार्टी के कार्यकर्ताओ से भी मिली, उनका हाल चाल लिया, साथ ही उनकी समस्याओ से भी अवगत हुई, उन्हे भरोसा दिलाया कि जल्द उन समस्याओ का निदान कराया जायेगा.इस मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक, सुदामा महली, संतोष तिर्की सहित सभी पंचायत अध्यक्ष, पंचायत कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे.

# महादानी मंदिर में श्रृंगार पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**संवाददाता।बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में चौथी सोमवारी को श्रावणी मेला और श्रृंगार पूजा महोत्सव के दौरान शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने अपनी धर्मपत्नी मंजू देवी, पुत्री यशस्वी सिंह,पुत्र यशवर्धन सिंह के साथ मिलकर महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा किया. विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से महारानी बाबा का श्रृंगार किया. शिवसेना के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रृंगार पूजा महोत्सव में हिस्सा लिया. इस दौरान भजन-कीर्तन मंडली ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया. शिवसेना के तत्वाधान में आयोजित श्रृंगार पूजा के दौरान महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार कराया. यजमान के रूप में दीपक सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मंजू देवी सहित बच्चों ने धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया. श्रृंगार पूजा के पूर्व रुद्राभिषेक अनुष्ठान में हिस्सा लिया. उन्होंने पवित्र जल एवं दूध से महादानी बाबा का अभिषेक किया. सफेद फूल, पान के पत्ते, धतूरा, भांग और विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से महादानी बाबा का श्रृंगार किया. वेद मंत्रोंच्चार के बीच चंदन घिसकर त्रियुंड बनाया. जैसे-जैसे शाम ढली, वैसे वैसे ही मंदिर में भजन-कीर्तन और श्रृंगार पूजा के दौरान रौनक चौगुनी हो गई. दिनभर अपने कार्यों में जुटे श्रद्धालु फुर्सत निकालकर धीरे-धीरे महादानी मंदिर पहुंचे और शुरु हुआ भजन कीर्तन का दौरा. इस दौरान देर शाम को शुरू हुई



श्रृंगार पूजा के दौरान पूजा अर्चना दीपक सिंह मंजू देवी एवं यशस्वी सिंह श्रद्धालु.

### सोनाहातू व राहे के शिवालयों भक्तों ने किया अभिषेक

**सोनाहातू/राहे।** सावन का महीना हिंदू धर्म लंबियों के लिए एक पवित्र महीना होता है. सावन के महीने में शिव की कृपा पाने का खास महीना माना जाता है. सावन के चौथी सोमवारी को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया. शिव मंदिरों में शिव भक्त की लंबी कतारे देखने को मिला.

राहे प्रखंड के प्रसिद्ध बिसना बाबा पहाड़ी मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ रही. दूर-दूर से श्रद्धालु यहां स्थपित तीन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने आये. प्रखंड के शिव टँगरा मंदिर पुरानानगर-महेशपुर में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही.

सोनाहातू प्रखंड के नीलकंठ धाम जामुदाग, काला महादेव सोनाहातू, महादेवबेड़ा पंडाडीह, हरिन व सती घाट के शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही.

श्रृंगार पूजा के दौरान दिनेश्वरी देवी, शिवसेना के महामंत्री संदीप मुखर्जी, शिवम सिन्हा, कमैनी सिंह, सिद्धेश्वर भारती, जितेन्द्र सिंह, गुड्डू सिंह, नारायण सिंह, नरेश साहु, घोमा सिंह, प्रकाश सिंह, भजन सम्राट मोती लाल गुप्ता, विजय गोसाईं, मधु गोप, रणधीर सिंह,राजू सिंह, ईश्वर बडाईक, रवि सिंह, शशी गोप, श्रृंगार पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय टंडन, रामनाथ महतो, सोमा नायक, राजेन्द्र रौनियार, मदन राम, देवेन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम यादव, विनोद कुमार, उमेडंडा से आए प्रसिद्ध भजनकर्ता सुदामा नायक, राजेन्द्र देव सिंह, मनोज मिश्रा, अनिल नायक, चंद्रभूषण नायक, राकेश पासवान, मुकेश नायक बालेश्वर सोनी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हरि कीर्तन एवं भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया. इसके पूर्व प्रदीप कुमार राय, वाणी कुमार राय, मुकेश कुमार राय, बेडो. के समाजसेवी संजीत कुमार साहु, रमेश साहु, धनंजय कुमार महतो, अनिल सिंह, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, अशोक सिंह ने पिछले दिनों आयोजित अलग-अलग श्रृंगार पूजा के दौरान यजमान के रूप में महादानी बाबा का श्रृंगार कर भव्य पूजा अर्चना की. दूसरी सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु महादानी मंदिर में देर शाम जुटे और श्रृंगार पूजा महोत्सव में हिस्सा लिया. दीपक सिंह ने बताया कि विशेष श्रृंगार पूजा के दौरान ऐतिहासिक महादानी मंदिर में पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ-साथ भंडारा का भी आयोजन किया जा रहा है. महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने बताया कि पूरे रांची जिले में बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर का श्रृंगार पूजा महोत्सव विशेष स्थान रखता है. यहां दूर-दूर से श्रद्धालु जुटते हैं और अपनी श्रद्धा और भक्ति का परिचय देते हैं. शिवसेना प्रमुख दीपक सिंह ने बताया कि सच्चे मन से महादानी बाबा का पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूरी होती है. महादानी बाबा किसी भी भक्त को निराश नहीं करते इसलिए कि दानी के रुप में मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालु कभी खाली हाथ वापस नहीं लौटते इसलिए यहां भोलेनाथ महादानी कहे जाते हैं. दूसरी और चौथी सोमवारी को लेकर सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर महादानी बाबा की विधिवत पूजा अर्चना की.

### जमशेदपुर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए झारखंड ने केंद्र को नहीं दिया प्रस्ताव

**रांची।** झारखंड सरकार ने जमशेदपुर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए अब तक कोई प्रस्ताव नहीं दिया है. जब भी राज्य सरकार हवाई अड्डा स्थापित करने के विषय में कोई प्रस्ताव नगर विमानन मंत्रालय (भारत सरकार) को देगी, उस पर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा पॉलिसी 2008 के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा. यह जानकारी नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापू ने झारखंड के भाजपा प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई को दी है. वाजपेई ने जमशेदपुर में हवाई अड्डा के लिए झारखंड द्वारा केंद्र को भेजे गए प्रस्ताव के बारे में 25 जून को लेटर भेजकर जानकारी मांगी थी. इसी पर मंत्री ने यह जवाब भेजा है कि झारखंड से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है. केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, केंद्र ने ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा पॉलिसी 2008 तैयार की है.

### रेलवे मेंस कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल अपर रेल प्रबंधक से मिले

**सिल्ली/मुरी।** रांची मंडल के नवनियुक्त अपर मंडल रेल प्रबंधक माननीय हेमराज मीना जी का कर्मचारी संगठन दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधियों के द्वारा उनके कार्यालय में मिलकर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया गया साथ ही रांची मंडल के कर्मियों के कई गंभीर समस्याओं से भी अवगत कराया. प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व मंडल समन्वयक एन एल०कुमार के द्वारा किया गया है. अपर मंडल रेल प्रबंधक से मिलकर उनको शुभकामनाएं देते हुए कर्मचारियों के हित की समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया. जिसमें मुख्य रूप से मंडल अस्पतालों के द्वारा मरीज को हेड क्वार्टर गार्डन रीच कोलकाता भेजने में होने वाली समस्याओं से उन्हें अवगत कराया.हटिया रांची में कर्मचारियों के लिए बने साइकिल स्टैंड में शेड का निमार्ण समेत उसे सीसीटीवी कैमरा लगाकर सुरक्षित किया जाए.

# आदिवासी जमीन बचाओ अभियान को लेकर बैठक



**संवाददाता।ओरमांझी**

करम टोली चौक स्थित केंद्रीय धूमकुड़िया में सोमवार को आदिवासी जमीन बचाओ अभियान को लेकर बैठक हुई. बैठक में विभिन्न आदिवासी संगठन-आदिवासी महासभा, केंद्रीय सरना समिति रांची, आदिवासी लोहरा समाज, झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज, मुन्ना पतरा, चकला ओरमांझी रांची, झारखंड आदिवासी संयुक्त मोर्चा, जमीन बचाओ संघर्ष समिति,चामा की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया. बैठक में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने संयुक्त रूप से आदिवासी जमीन लूट के खिलाफ 30 अगस्त को रांची उपायुक्त के कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया, इबैठक में मुख्य रूप से आदिवासी महासभा के संयोजक देव कुमार धान, झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा चकलाओरमांझी रांची के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, फूलचंद तिर्की, प्रो. प्रेमनाथ मुंडा आदि शामिल थे.

### हाथियों के झुंड ने कोकाडीह में जमकर मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के कोकाडीह गांव में रविवार की रात जंगली हाथियो के झुंड ने काफी नुकसान किया है. गांव के गुरुचरण सिंह मुंडा घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है.घर में रखा धान को निकाल कर मन भर खाया. धान जीतू प्रमाणिक का भी था. 10 बोरा धान नष्ट हुआ है. गांव के किसान कर्मा महतो, संतोष महतो,लखन महतो, नागेंद्र महतो, सहोदर महतो,अमीन महतो, प्रदुम महतो,एक चापानल क्षतिग्रस्त किया. गांव में हाथियों के उत्पात की सूचना पर वनपाल दिलीप मुंडा ने किसानों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया हैं. इधर हाथी मित्र मलखान महतो, गोंझू महतो गांव जाकर नुकसान की जानकारी लिए. किसानों से मिलकर मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दिए. सभी किसानों को मुआवजा के लिए आवेदन फॉर्म वितरण किए.

# सड़क दुर्घटना में सीसीएल कर्मी की मौत, सड़क जाम



**संवाददाता।डकरा**

एनके एरिया के केडीएच परियोजना में कैटेगरी-1 के पद पर काम करने वाले करण कुमार (28) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. सोमवार सुबह को प्रथम पाली में ड्यूटी करने के बाद वे पिपरवार थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव कारो जा रहे थे. मनुटांड़ के नजदीक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह घायल हो गया इलाज के लिए उसे डकरा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर एनके और पिपरवार एरिया के कई श्रमिक संगठनों के नेता अस्पताल पहुंचे और मृतक की बहन सबिता कुमारी को अनुकंपा पर नौकरी देने की मांग पर अड़ गए. इस मांग को लेकर कुछ लोगों ने केडीएच परियोजना का काम भी बंद करा दिया. बाद में केडीएच पीओ अनील कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे और श्रमिक नेताओं से बात किया. मृतक के पिता बासुदेव महतो ने कहा कि मैं, मेरी पत्नी और बेटी करण पर ही आश्रित थे.

**निरीक्षण** बोकारो रेंज के डीआइजी ने किया चिरकुंडा थाना का निरीक्षण

# अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ पैदा करें: डीआईजी

**संवाददाता।रांची**

बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने सोमवार को चिरकुंडा थाना का निरीक्षण किया. इस दौरान उनका स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया. पुलिसिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने, क्राइम कंट्रोल करने, अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ पैदा करने समेत पुलिस और जनता के बीच की दूरी को पाटने के उद्देश्य से डीआईजी ने चिरकुंडा थाना का निरीक्षण किया. साथ ही डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने थाना के ओडी, सिरिस्ता, हाजत का निरीक्षण किया. वहीं,पूरे अनुमंडल की पुलिसकर्मियों ने डीआईजी को अपना परिचय दिया. थाने के निरीक्षण के दौरान डीआइजी को कई खामियां मिलीं,जिसे उन्होंने



चिरकुंडा थाना का निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा.

तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया. मीडिया से बात करते हुए डीआइजी सुरेंद्र कुमार झा ने कहा कि उन्होंने रूटीन चेकअप के लिए थाने का निरीक्षण किया, ताकि बेहतर पुलिसिंग दिया जा सके और क्राइम पर कंट्रोल किया जा सके.वहीं, क्राइम को लेकर वह काफी चिंतित नजर आए.उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा भटक चुके है और अपराध की ओर अपनी दस्तक दे रहे हैं.अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे रहते है.ऐसे हार्डकोर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस तत्पर है.इधर, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पूछे गए सवाल पर डीआईजी ने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो, इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है और इसे लेकर लगातार पीएसयू की बैठकें की जा रही है. विधानसभा चुनाव भय मुक्त माहौल में होगी.

**खास बातें**

- थाना के ओडी, सिरिस्ता, हाजत का निरीक्षण किया
- हार्डकोर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस तत्पर है

### न्यूज अपडेट

## आरटीसी में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन



**ओरमांझी।** आरटीसी प्रौद्योगिकी संस्थान आनंदी ओरमांझी में सोमवार को नशा मुक्ति प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो . एपी सिंह ने नशा के दुष्प्रभावों की चर्चा की एवं विद्यार्थियों को हर तरह के नशा से दूर रहने के लिये प्रेरित किया.संस्थान के प्राचार्य डॉ एन - हरिबाबू ने कहा कि नशा हमारे शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है. कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ .मनीषा कुमारी,शुभम खन्ना,डॉ अरविन्द कुमार,कमलेश किशोर,डॉ .अजय वर्मा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान दिए.

## कांग्रेसजनों ने सिल्ली बीडीओ से की मुलाकात



**सिल्ली/मुरी।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड के कांग्रेस पदाधिकारियों ने बीडीओ श्रीमती रेणु बाला से मुलाक़ात की.कांग्रेस पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदन जमा होने की प्रगति जानकारी ली .प्रखंड से अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना में जोड़ कर लाभ दिया जाए. इस मौके पर नागेंद्र नाथ गोस्वामी, कार्तिक चन्द्र महतो, निशाकर महतो, मनीराम दास, विकास रजक, मंजूर मोमिन, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो,पंचायत अध्यक्ष प्रकाश मुंडा, रमजान अंसारी, मो कलाम अंसारी सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे.

## चान्हो में भाजयुमो ने तिरंगा यात्रा निकाला



**चान्हो।** हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त मोटरसाइकल से सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई. भाजपा युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई. इस यात्रा का नेतृत्व मंडल युवा मोर्चा महामंत्री राजीव गुप्ता और अध्यक्ष मुकेश सोनी ने किया. यह तिरंगा यात्रा मांडर विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में निकाली गई. बीजुपाड़ा स्थित शहीद स्मारक सोमा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समाप्त हुआ. यात्रा में गंगोत्री कुजुर और प्रो रामनारायण भगत भी शामिल हुए. लगभग 100 मोटरसाइकिल से भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् का नारा लगाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए.

## बुद्धिजीवी मंच व पेंशनर समाज ने भिक्षाटन किया



**इटकी।** संसाधान विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पदस्थापन और संसाधन जुटाने की मांग को लेकर इटकी बुद्धिजीवी मंच व पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को मुख्य शिवालय प्रांगण के बाहर भिक्षाटन किया .आंदोलनकारियो ने दुकानों का भ्रमण कर दुकानदारों से भीख मांगा . सोमवारी की पूजा करने आईं महिलाओं की भीड़ ने खुले मन से राशि देने के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र डॉक्टर का पदस्थापन किए जाने की मांग का समर्थन किया. मौक़े पर बुद्धिजीवी मंच व पेंशनर समाज के प्रतिनिधि, समाजसेवी अजीत केशरी, देवेंद्र महतो, चंद्रकांत महतो, कमेश बर्मन सहित अन्य शामिल थे.

## युवा कार्यकर्ताओं ने शिव टहल नायक का जन्मदिन मनाया



**ओरमांझी।** बुदमु, खलारी, कांके तीनों प्रखंड के युवा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धूमधाम से कांग्रेस नेता शिव टहल नायक का जन्मदिन मनाया. मौके पर शिव टहल नायक ने युवा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि पिछले 40 वर्षो से भाजपा का विधायक है 30 वर्षो से सांसद हैं. वहीं कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की,खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने जन्म दिन की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी.मौके पर मुख्य रूप से कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश बैठा, कांग्रेस नेत्री इंद्रा तुरी,भाजपा नेता कमलेश राम, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंजू,श्यामलाल मुंडा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सेमिनार का आयोजन




**मांडर।** भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अंतर्गत भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण एवं एक दिवसिय सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण किया . सेमिनार में बाहरी विशेषज्ञ डॉ सचीन कुमार ,प्रो शाइन उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के सचिव नितिन परासर व एजुकेसनल सेक्रेटरी डॉ दिपाली परासर थे साथ ही विशिष्ट अतिथि डा सचीन कुमार रहे. कार्यक्रम में नर्सिंग की प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तवा और शिक्षकगण, अंजेला गाड़ी, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी आदि शामिल है.

# ग्रामीण विकास की टीम ने निरीक्षण किया

**संवाददाता।खलारी**

भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के केंद्रीय जांच टीम ने खलारी प्रखंड के मायापुर और लपरा पंचायत क्षेत्रों में चल रहे मनरेगा कार्य का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान केंद्रीय जांच टीम ने पंचायत के मायापुर के राजेंद्र उरांव का मुर्गी शेड,लालमणि देवी का गाय शेड,गुरुचरण लोहरा का आम बागवानी, मोहन गंझू का डोभा स्थल निरीक्षण किया. पंचायत भवन मायापुर में उक्त योजनाओं के अभिलेख की जांच की गई. इस जांच में पंचायत के पंजी 7 का भी जांच किया गया. पंचायत लपरा में रूपन देवी का डोभा रामू उरांव का बिरसा सिंचाई कूप एवं सुनीता देवी का गाय शेड का स्थल निरीक्षण किया गया. तथा पंचायत भवन लपरा में उक्त योजनाओं के अभिलेख के साथ 7



मैक्लुस्कीगंज में ग्रामीण विकास की टीम का पारंपरिक तरीके से स्वागत हुआ.

पंजी का जांच किया गया. जांच दल में केंद्र से एस. एन मिश्रा उप सचिव एवं रुचि सिन्हा परियोजना पदाधिकारी मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार राज्य दल से उप निदेशक अनुपम भारती, मनरेगा कोषांग एवं जिला सहायक परियोजना पदाधिकारी जयश्री तिर्की उपस्थित थी. प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ता, रविरंजन कुमार, प्रेमचंद मुर्मू, प्रवीण उरांव, पंचायत सचिव विपिन कुमार वर्मा एवं रिशु कुमारी, ग्राम रोजगार सेवक लाममोहन राम, विश्वरंजन कुमार, कुणाल कुमार, सुधीर कुमार, सुजीत कुमार, महबूब आलम और संबधित पंचायत के ग्रामीण उपस्थित रहे.

